

॥ओ३म्॥

महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा का

मासिक मुखपत्र

# वैदिक गर्जना

● वर्ष : २४ ● अंक : २.३ ● फरवरी/मार्च २०२४

## म.दयानन्द द्विजन्म शताब्दी- प्रान्तीय आर्य महासम्मेलन - चित्रमय झलकियाँ

















# टंकारा में अन्तर्राष्ट्रीय म.दयानन्द २०० वा जन्मोत्सव



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के करकमलों से टंकारा में ज्ञानज्योति तीर्थस्थल का उद्‌घाटन।



आर्यजनों को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का सम्बोधन।



महामहीम राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू का स्वागत करते हुए सार्वदेशिक आर्य प्र.सभा के प्रधान श्री सुरेशचन्द्रजी आर्य।




महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा का

मासिक मुखपत्र

# वैदिक गर्जना

सृष्टि सम्वत् १,९६,०८,५३,१२४ कलि संवत् ५१२४ विक्रम संवत् २०८०

दयानन्दाब्द १९९ माघ/फाल्गुन **फरवरी/मार्च २०२४**



| प्रधान सम्पादक | मार्गदर्शक सम्पादक | सम्पादक |
|---|---|---|
| **राजेन्द्र दिवे** | **डॉ.ब्रह्ममुनि** | **डॉ.नयनकुमार आचार्य** |
| (९८२२३६५२७२) | | (९४२०३३०१७८) |

सहसम्पादक **प्रा.ओमप्रकाश होलीकर, ज्ञानकुमार आर्य, राजवीर शास्त्री, डॉ.अरुण चव्हाण**

लेख/समाचार भेजने हेतु – ई-मेल : nayankumaracharya222@gmail.com


## अनुक्रम

### हिन्दी विभाग


१) श्रुतिसुगन्ध ........................................ ०४
२) ऐ टंकारा की धरती..! (सम्पादकीयम्)................. ०५
३) म.दयानन्द द्विजन्मशताब्दी प्रान्तीय सम्मेलन......... ०८
४) टंकारा का दयानन्द २०० वा जन्मोत्सव ............. २१
५) समाचार दर्पण ........................................ २५
६) सभा के उपक्रम ........................................ २८


### मराठी विभाग


१) उपनिषद संदेश/दयानंद वाणी ...................... २९
२) असामान्य राजा छत्रपती शिवाजी ! ................ ३०
३) आर्य समाजाच्या नियमांची मौलिकता............... ३६
४) वार्ताविशेष ........................................ ३९
५) सन्यास दीक्षा व संकल्प मेळावा(सूचना)........... ४१
६) संस्कार व आर्यवीर दल शिबिर(सूचना)............ ४२



**प्रकाशक**

मन्त्री, महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा,
सम्पर्क कार्यालय–आर्य समाज,
परली–वैजनाथ–४३१५१५

**मुद्रक**

वैदिक प्रिन्टर्स
महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा
आर्य समाज, परली–वै.

**वैदिक गर्जना के शुल्क**

वार्षिक रू.१००/-

आजीवन रू.१०००/-



इस मासिक पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा विचारों से सम्पादक मण्डल सहमत हो, यह अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवादकी परिस्थिति में न्यायक्षेत्र परली–वैजनाथ जि.बीड ही होगा।

# श्रुतिसुगन्ध

## मन की दिव्य शक्ति!

**येन कर्माण्यपसो मनीषिणो यज्ञे कृण्वन्ति विदथेषु धीराः।**
**यदपूर्वं यक्षमन्तः प्रजानां तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु।।**

(ऋवेद-३४/२)

**पदार्थान्वय**– हे परमेश्वर वा विद्वन्! जब आपके सङ्ग से (**येन**) जिस (**अपसः**) सदा कर्म व धर्मनिष्ठ (**मनीषिणः**) मन का दमन करनेवाले, (**धीराः**) ध्यान करनेवाले बुद्धिमान लोग (**यज्ञे**) अग्निहोत्रादि वा धर्मसंयुक्त व्यवहार वा योगयज्ञ में और (**विदथेषु**) विज्ञान सम्बन्धी और युद्धादि व्यवहारों में (**कर्माणि**) अत्यन्त इष्ट कर्मों को (**कृण्वन्ति**) करते हैं। (**यत्**) जो (**अपूर्वम्**) सर्वोत्तम गुण, कर्म, स्वभाववाला (**प्रजानाम्**) प्राणिमात्र के (**अन्तः**) हृदय में (**यक्षम्**) पूजनीय वा संगत एकीभूत हो रहा है, (**तत्**) वह (**मे**) मेरा (**मनः**) मनन, विचार करना रुप मन (**शिवसङ्कल्पम्**) धर्मेष्ट (**अस्तु**) होवें।

**भावार्थ**–मनुष्यों को चाहिए कि परमेश्वर की उपासना, सुन्दर विचार, विद्या और सत्संग से अपने अन्तःकरण को अधर्माचरण से निवृत्त कर धर्म के आचरण में प्रवृत्त करें। **(म.दयानन्द कृत ऋग्वेद भाष्य से साभार)**



।।ओ३म्।।

*वैदिक सृष्टिनवसंवत्सर*

(१,९६,०८,५३,१२५, कलि संवत् ५१२५) एवं

***आर्य समाज के १४९ वे स्थापना दिवस पर***

**समस्त देशवासियों का शुभ अभिनंदन एवं**

***हार्दिक शुभकामनाएं..!***

# ऐ टंकारा की धरती, तुम्हें शत् शत् नमन!

भारतवर्ष...! वह धन्यधरा, जिसने अनादि काल से समग्र विश्व को वैदिक जीवनमूल्यों का पाठ पढ़ाया ! उसमें भी टंकारा की वह पुण्यभूमि, जिसने बुझती हुई वेद-ज्ञानज्योति को पुनः प्रज्वलित करने हेतु दयानन्द जैसा महान युगपुरुप इस संसार को दिया । आज से २०० वर्प पूर्व मूलशंकर के रूप में इस दिव्यात्मा का टंकारा में अवतरित होना फिर से सत्यज्ञान युग का शुभारम्भ रहा। हजारों वर्षों की वैचारिक गुलामी की बेडियों को तोड़नेवाला वह सच में एक दिव्यतम क्रांतिकारी समाजसुधारक था। अमेरिका के दार्शनिक डॉक्टर एंड्रयू जैक्सन डेविस ने जिस सर्वव्यापी व सर्व विद्वेप-भस्मकारी सत्यज्ञान व प्रेम की अग्नि के दर्शन कर उसे ईश्वरपुत्र दयानन्द के हृदय में प्रादुर्भूत व प्रज्वलित माना था, उस क्रांतदर्शी युगात्मा की जन्मप्रदात्री टंकारा भूमि कितनी महान होगी? माता अमृताबेन व पिता करसनजी तिवारी ने न जाने कितने जन्मों की तप:पूर्ण जीवनसाधना से इस लाडले को जन्म देकर मानवता का उद्धार व संसार का उपकार किया। टंकारा की पावन भूमि के साथ ही वे माता-पिता के कुल भी धन्य हो गए और उनका समग्र कुल भी!

ऐसे महान वेदोद्धारक ऋपिप्रवर को स्मरण व नमन करने हेतु इस धरती पर महर्पि दयानंद का जन्मोत्सव मनाना विशेप मायने रखता है। दि.१०,११,१२ फरवरी २०२४ को ऋपि की जन्मस्थली में अंतर्राष्ट्रीय स्तरपर आयोजित भव्य स्मरणोत्सव में सम्मिलित होनेवाला दयानंद का प्रत्येक अनुयायी सच में कृतार्थ हो गया। इस पावनभूमि पर कदम रखकर अनेकों ने स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया। टंकारा की उस पवित्र मिट्टी को सरमाथे लगाकर हर एक का रोम रोम पुलकित हो उठा।

तीर्थयात्रा के लिए रुढिवादी लोग न जाने कहां-कहां जाते हैं और अविद्या व अज्ञान के वशीभूत होकर कितनीही अधार्मिक क्रियाओं में संलिप्त होते हैं। लेकिन आर्यों का टंकारा में पहुंचना सही अर्थो में महातीर्थ से भी बढ़कर आत्मिक आनंद प्रदान करनेवाला सिद्ध होता है। द्विजन्मशताब्दी के अवसर पर टंकारा पहुंचनेवाले आर्यजन भाग्यशाली रहे, क्योंकि वहां के जिवापुर मोहल्ले में स्थित बालक मूलशंकर वह जन्मगृह

देख कर सबकी आंखें तृप्त हो गई। जिस घर व आंगन में दयालजी(मूलजी) खेले, कूदे, संस्कारित हुए तथा आरंभिक संस्कृत विद्या ग्रहण की, उस स्थान पर कुछ समय बीताने से जो आनन्दानुभूति हुई, वह निश्चय ही नव ऊर्जा का संचारित करनेवाली रही! बालक दयालजी (मुलजी)ने टंकारा की जिन गली, मोहल्ले व चौराहों पर अपने चरणकमल रखे थे, उस उस जगह पर कदम रखने से हम श्रद्धालु पथिकों का हृदय भर आया! रास्तों से चलते समय अंतःकरण अतिशय प्रमुदित हो उठा!

मूलशंकर आरम्भिक कुमारावस्था तक अपने गांव में रहे । कैसे बीतें होंगें उनके वे बाल्यसुलभ सुदिन? शिशु, बाल व कुमार इन तीन अवस्थाओं को बिताते समय उनकी मनोदशा कैसी रही होगी? उस समय उन्होंने क्या-क्या चिंतन किया होगा? आयु के १४ वे वर्ष में मूलशंकर को जहाँ बोध हुआ, उस ऐतिहासिक शिवमंदिर को तन्मयता से देखने का हमें सुअवसर भी प्राप्त हुआ। मंदिर का स्वरूप आज भी जैसा के वैसा है। शायद ऋषि की पुरानी निशानी अमिट रहे और वह ऐतिहासिक प्रेरणा का केन्द्र बनें, यही इसके पीछे आर्यजनों की मनीषा रही होगी । मंदिर में पूजा-अर्चना आदि कार्यकलाप आज भी उसी तरह चल रहे हैं। पौराणिक शिवभक्त पिंडी पर जल, पत्र, पुष्प आदि चढ़ाकर दर्शन करते हैं, तो बाहर से पधारे आर्यजन अपने गुरुदेव दयानंद के उस ऐतिहासिक प्रसंग को याद कर कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

डेमी नदी के तट पर स्थित वह शिवालय अब 'महर्षि दयानंद बोधरात्रि मंदिर' के नाम से जाना जाता है। आजकल वहां ४४ वर्षीय पुजारी श्री बलवंत गिरि परंपरागत पूजापाठ करता है और आने-जानेवाले दोनों प्रकार के भक्तों को यहां की जानकारी देता है। उसने बताया कि हमारे गिरि परिवार की सातवीं पीढ़ी से मंदिर की देखभाल व पूजा विधि करती है। सप्ताह में एक बार आर्यजन आकर हवन करते हैं । प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि उत्सव भी मनाया जाता है। इस मंदिर को छोड़कर अन्य भी सात-आठ शिवमंदिर भी है। हमने सोचा कि जिस मंदिर की घटना से सत्य शिव का बोध पाकर मूलशंकर (दयानंद) ने संसार में वैदिक क्रांति का शंखनाद किया, वह स्थान आज भी अपनी परंपरागत अविद्याजन्य अन्धविश्वासों को आगे बढ़ा रहा है। दुनिया जग रही है, लेकिन 'दीए तले अन्धेरा!' की कहावत

अभी भी यहां पर दृष्टिगोचर हो रही है । शिव पिंडी तो केवल निमित्त मात्र रही, वह तो जड़ता व अज्ञान का प्रतीक थी। मूल शंकर का शिव की पिंडी से विश्वास उड़ जाना, यह वह क्रांति थी, जो संसार का कल्याण (शिव) चाहती थी। हजारों वर्षों से चल रही जड़ता और भौतिकता को समाप्त करने का वह शुभारंभ था । भक्ति, उपासना, धर्म-कर्म तथा आध्यात्मिक क्षेत्र में मची उथल-पुथल, धांधलियों व शोर बाजार को रोकने का साहसी कदम रहा। यदि टंकारा का यह बालक मंदिर में न जगता और उसकी अगाध तपोमय जीवन साधना न होती, तो संसार में वेदज्ञान की ज्योति ही नहीं जलती। दयानंद ने केवल एतद्देशीय पौराणिक रूढ़िवादिता को ही चुनौती नहीं दी, बल्कि संसार में फैले अन्य कुरानी, ईसाई, जैनी, बौद्धी आदि आदि संप्रदायों की भी पोल खुल गई। सत्य की खोज में भटक रही दुनिया को टंकारा के भूमिपुत्र ने जीने की राह बताई।

आज समग्र विश्व में उतनी ही तेज गति से पाखंड बढ रहा है। एक ओर मंदिरों की संख्या बढ़ रही है, तो दूसरी ओर अन्य संप्रदाय भी उतने ही कट्टर बनते नजर आ रहे हैं। विज्ञानसम्मत सत्य वैदिक सिद्धांतों को समझने में वह क्यों कर आगे पीछे देख रहा है? व्यावहारिक दृष्टि से अन्य बातों में सतर्क व जागृत रहनेवाला आज का पढ़ा लिखा इंसान धर्मकर्म के बारे में बिल्कुल सोया हुआ है। सुशिक्षित वर्ग आधुनिक शिक्षा व पाश्चात्य सभ्यता के घेरे में इतना फंस चुका है कि वह अपने प्राचीन पवित्र वैदिक सिद्धांतों जानने व समझने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है ।

जिस ऋषिवर ने अविद्यान्धकार मिटाने व सत्य वैदिक सिद्धांतों की स्थापना के लिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण व्यतीत किया, उस दिव्यात्मा की द्विजन्मशताब्दी क्या यूं ही सभा, सम्मेलनों व महोत्सवों को मनाने तक ही सीमित रहेगी ? अब हमें अहर्निश एक कर वैदिक ज्ञानज्योति अत्यधिक तीव्र बनाकर संसार के कोने-कोने में पहुंचना है, ताकि धरती से अवैदिक विचारों का अंधेरा खत्म हो जाए।दयानंद की २०० वी जन्मजयंती पर जन्मस्थली टंकारा को साक्षी मानते हुए इस धरती को कृतज्ञतापूर्वक नमन कर 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' इस सपने को साकार करने हेतु हमें सोत्साह प्रतिज्ञाबद्ध होना है, जिससे हमारा जीवन आर्यमय होगा और सर्वत्र दयानन्द की जयजयकार होगी!

– डॉ.नयनकुमार आचार्य

# म.दयानन्द द्विजन्मशताब्दी महोत्सव यशस्वी

## अपूर्व उत्साह एवं चेतनादायी वातावरण में सफल रहा

# प्रान्तीय आर्य महासम्मेलन

अपूर्व उत्साह, नई उमंग एवं 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' का उद्‌घोप सर्वदूर पहुंचाने की दृढ प्रतिबद्धता आदि भावनाओं से ओतप्रोत महर्पि दयानन्द सरस्वती का राज्यस्तरीय 'द्विजन्मशताब्दी महोत्सव तथा प्रान्तीय आर्य महासम्मेलन' हाल ही में सुसम्पन्न हुआ। महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्त्वावधान में आर्य समाज परली के सहयोग से दि.२, ३, ४ फरवरी को श्रद्धानन्द गुरुकुल आश्रम में आयोजित इस त्रिदिवसीय समारोह में वेदपारायण यज्ञ, विभिन्न विपयों पर आधारित सम्मेलन सत्र, भव्य शोभायात्रा, सम्मान समारोह, पू.सोममुनिजी शताब्दी, गुरुकुल वार्पिकोत्सव आदि कार्यक्रमों का अन्तर्भाव रहा।

प्रस्तुत समारोह में आर्य जगत् के वैदिक विद्वान प्रा.श्री सोनेरावजी आचार्य, पं.प्रियदत्तजी शास्त्री, पं.राजवीरजी शास्त्री, वेदविदुपी आचार्या श्रीमती सविताजी आदियों ने विभिन्न विपयों पर मौलिक विचार रखे। आर्य प्रतिनिधि सभा मुम्बई के महामन्त्री श्री महेशजी वेलानी एवं आर्य प्रतिनिधि सभा विदर्भ–म.प्रदेश के प्रधान श्री सत्यवीरजी शास्त्री ने भी आर्यों को सम्बोधित किया।

अन्तिम दिन मुख्य समारोह में दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामन्त्री श्री विनयजी आर्य ने महर्पि दयानन्द की द्विजन्मशताब्दी को व्यापक रुप से मनाने का आग्रह करते हुए ऋपि की क्रान्तिकारी जीवनी व उनके विश्वकल्याणकारी मन्तव्यों को जन–जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा– 'आज महर्पि के विचारों की सर्वाधिक आवश्यकता है। सम्प्रति हर तरह से स्वामीजी हमें प्रासंगिक नजर आते हैं। स्वराज्य, स्वदेशी, दलितोद्धार, नारी–उध्दार, संस्कृति उत्थान, राष्ट्रभापा हिन्दी प्रसार, गोहत्या प्रतिबन्ध, आत्मनिर्भरता आदि बातों में महर्पि दयानन्द ही सुधारशिरोमणि रहे हैं, तब क्यों न हम उनके अनुयायी व आर्य समाजी उनकी इन उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचने में सर्वस्वी आगे रहे? यह तो हर एक

आर्य की जिम्मेदारी है।'

इस समारोह में अन्य आर्य नेताओं व विद्वानों ने भी मार्गदर्शन किया। सभी श्रद्धानन्द गुरुकुल के वार्षिकोत्सव के निमित्त इस गुरुकुल के विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत यशस्वी स्नातकों का अभिनन्दन भी किया। साथ ही आर्य स्वाधीनता सेनानी, समाजसेवी, शिक्षाविद्, कर्मठ आर्य कार्यकर्त्ता आदियों का गौरव किया है। सौ वर्षीय तपस्वी साधु महात्मा पू.श्री सोममुनिजी का विशेष अभिनन्दन इस समारोह का मुख्य आकर्षण रहा। इस त्रिदिवसीय समारोह में लगभग एक हजार से अधिक आर्य नर-नारियों व युवाओं ने सम्मिलित होकर एक तरह से महर्षि के सपनों को साकार करने हेतु सदैव तत्पर रहने का संकल्प किया।

**- श्रद्धा के साथ यज्ञ -**

तीनों दिन प्रातः यज्ञशाला में आयोजित वेदपारायण यज्ञ में अनेकों यजमानों ने श्रद्धा के साथ आहुतियां प्रदान की। यज्ञ के ब्रह्मा पद को गुरुकुल के आचार्य श्री सत्येन्द्रजी ने विभूषित किया। यज्ञीय व्यवस्था का संचालन प्रा.डॉ.वीरेंद्रजी शास्त्री ने किया। इस त्रिवदिवसीय यज्ञ में श्री दिनेशजी वाधवानी(इचलकरंजी), श्री योगराज भारती (लातूर), श्री उमेशजी स्वामी (बार्शी), श्री मनोजजी काबरा, श्री महेश लाहोटी, सचिनजी सारडा, सचिनजी तोतला (सभी परली) आदियों ने सम्मिलित होकर भक्तिभाव से आहुंतिया दी। इस अवसर पर आचार्य श्री सत्येन्द्रजी ने कहा- 'मानव जीवन में यज्ञ का सर्वाधिक महत्त्व है। जो यज्ञ से नाता जोडेगा, वही जीवन में सुख-शांति एवं आनंद की अनुभूति लेगा।' यज्ञ के दौरान आचार्य श्री सोनेरावजी ने भी यजमानों तथा उपस्थित यज्ञप्रेमियों को मार्गदर्शन किया।

पहले दिन यज्ञ के पश्चात् ओम् ध्वज फहराकर त्रिदिवसीय समारोह का उद्घाटन सभा के प्रधान श्री योगमुनिजी, तपस्वी व्यक्तित्व पू.श्री सोममुनिजी इनके शुभ करकमलों से हुआ। ध्वजस्थल पर प्रा.सोनेरावजी आचार्य ने प्रेरक उद्बोधन दिया। ध्वजगान आचार्या सविताजी एवं ब्रह्मचारिणियों ने किया।

**- पहले दिन के कार्यक्रम -**

**१) म.दयानन्द जीवन प्रेरणा सम्मेलन**

इस सम्मेलन की अध्यक्षता प्रान्तीय सभा के उपप्रधान श्री लखमसीभाई वेलानी ने की। सम्मेलन का विषय था '**द्विजन्मशताब्दी की सार्थकता एवं म.दयानन्द की प्रासंगिकता**' इस विषय पर मुख्य वक्ता

प्रा.श्री सोनेरावजी आचार्य ने आर्यों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा- 'सम्प्रति समग्र विश्व में नानाविध पाखण्डों एवं अंधविश्वासों ने पैर जमाये हैं। एक ओर आधुनिक पाश्चात्य संस्कृति बडे पैमाने पर फैल रही है, तो दूसरी ओर देवी-देवताओं एवं धर्म के नाम पर पाखण्ड बढ रहा है। ऐसी परिस्थिति में महर्षि दयानन्द के विचारों की बहुत ही आवश्यकता है। हमारा द्विजन्मशताब्दी मनाना तभी सार्थक होगा, जब कि हम ऋषिवर दयानन्द के सिद्धान्तों को अच्छी तरह से समझें और उन्हें जीवन में अपनाते हुए उनका प्रचार करें।' इस अवसर पर वैदिक विद्वान पं.राजवीरजी शास्त्री ने भी सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा - 'आज २०० वर्षों के बाद भी कुरीतियाँ बहुत ही बढ रही हैं। पढा-लिखा इन्सान सत्य को ग्रहण करने में पीछे है। धन बहुत बढ रहा है, लेकिन मानवता समाप्त होते जा रही है। महर्षि दयानन्द के वैदिक विचारों को अपनाने से ही सारी समस्यायें मिट सकती हैं। मराठी आर्य विद्वान श्री लक्ष्मणराव आर्य गुरुजी ने अपना मन्तव्य देते हुए कहा- 'आज व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट्र नानाविध समस्याओं से घिरा है। नानाविध मत-मतांतर एवं संघटन स्वार्थ की दौड में हैं। ऐसे में वैदिक विचारधारा की बहुत ही आवश्यकता है।

सम्मेलन से पहले हैदराबाद से पधारी वैदिक विदुषी भजनोपदेशिका आचार्या सविताजी ने समधुर भजन प्रस्तुत किये। महर्षि दयानन्द के उपकारों का वर्णन करते हुए उन्होंने दयानन्द के विचारों की महती आवश्यकता जताई। उनका साथ गुरुकुल की ब्रह्मचारिणियों ने दिया। इस सम्मेलन का संचालन देगलूर के युवा आर्य कार्यकर्त्ता श्री कपिलजी महिंद्रकर ने किया।

**२) आर्यवीर युवा सम्मेलन -**

भोजनोपरान्त दोपहर 'आर्यवीर युवा सम्मेलन' सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता सभा के उपमंत्री श्री शंकररावजी बिराजदार ने की। इस वैदिक सम्मेलन में 'वैदिक संस्कारों से ही युवकों का निर्माण सही' इस विषय पर मुम्बई आर्य प्रतिनिधि सभा के महामन्त्री श्री महेशजी वेलानी, प्रा.श्री अर्जुनरावजी सोमवंशी एवं वैदिक विद्वान प्रा.श्री सोनेरावजी आचार्य ने मौलिक विचार रखें। श्री सोनेरावजी ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कहा- 'आर्य वीर दल यह युवाओं के शारीरिक बल एवं चरित्र निर्माण करनेवाली आर्य समाज की ईकाई है। आर्य समाज का शक्ति एवं

सामर्थ्यस्थल युवा है। यदि युवा वर्ग आर्य समाज के साथ जुडेगा, तो निश्चय ही नयी दिशा मिल सकती है। राष्ट्र के नवनिर्माण में आर्य युवाओं का योगदान अपेक्षित है।' इस अवसर पर धर्माबाद से पधारे पं.अनिल आर्य ने भी अपने विचार रखें। उन्होंने कहा- 'युवाओं को पद-प्रतिष्ठा एवं मान-सन्मान से दूर रहकर आर्य समाज के प्रचार क्षेत्र में उतरना चाहिए। समारोह का संचालन महाराष्ट्र आर्य वीर दल के अधिष्ठाता श्री व्यंकटेशजी हालिंगे ने किया।

**३) ब्रह्मचारियों के शारीरिक व्यायाम व बल प्रदर्शन -**

सायंकालीन सत्र में श्रद्धानन्द गुरुकुल के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुकुल में आचार्य श्री सत्येन्द्रजी विद्योपासक के सान्निध्य व निर्देशन में ब्रह्मचारियों का भव्य शारीरिक बलप्रदर्शन हुआ। इन छात्रों ने विविध प्रकार के व्यायाम, कवायत, योगासन तथा क्रीडा प्रकारों को प्रस्तुत कर श्रोताओं के मन को जीत लिया। अपूर्व अनुशासन के साथ नाना प्रकार की क्रीडा अभिव्यक्ति करते हुए सभी को रोमांचित किया। हैदराबाद से पधारी ब्रह्मचारिणियों ने भी योगासनों की प्रस्तुति कर दर्शकों को चकित किया। इस प्रदर्शनी का संचालन प्रा.वीरेंद्रजी शास्त्री, प्रा.अरुण चव्हाण, प्रा.डॉ.वीरश्री आर्या, श्री कृष्ण आर्य आदियों ने किया।

**४) राष्ट्ररक्षा सम्मेलन -**

प्रथम दिवस के अन्तिम रात्रकालीन सत्र में 'राष्ट्ररक्षा सम्मेलन' सम्पन्न हुआ। प्रान्तीय सभा के कोपाध्यक्ष श्री उग्रसेनजी राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन का 'राष्ट्र के नवनिर्माण में आर्य समाज की भूमिका'(भूत-वर्तमान व भविष्य के संदर्भ में) यह विपय था। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रुप में वैदिक विद्वान पं.श्री प्रियदत्तजी शास्त्री(हैदराबाद), पं.सत्यवीर शास्त्री(प्रधान, विदर्भ-म.प्र.आर्य प्रतिनिधि सभा), प्रा.श्री अर्जुनरावजी सोमवंशी (इतिहास अध्येता एवं उपमंत्री, प्रांतीय सभा) यह रहे। अपना अध्ययनपूर्ण वक्तव्य रखते हुए पं.प्रियदत्तजी ने कहा- 'राष्ट्र के विपय में महर्पि दयानन्द का चिन्तन सर्वोपरी है। स्वराज्य, स्वदेशी, स्वभापा एवं स्वसंस्कृति का सर्वप्रथम उद्घोप करनेवाले ऋपि दयानन्द सही अर्थों में राष्ट्र के समाजोद्धारक रहे हैं। आज भी उनके राष्ट्रीय एवं सामाजिक विचारों का सम्मान होना आवश्यक है।' पं.सत्यवीरजी शास्त्री ने कहा-'महर्पि

की विचारधारा का मूलाधार वेद हैं। चाहे कोई भी राष्ट्र क्यों न हो, उसकी रक्षा के लिए महर्षि के वैदिक मन्तव्यों को अपनाना बहुत ही आवश्यक है। इन विचारों से ही सम्पूर्ण विश्व में शान्ति की स्थापना हो सकती है और सभी राष्ट्र एक दूसरे के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार करने लगेंगें। प्रा.श्री अर्जुनराव सोमवंशी ने हैदराबाद स्वन्तन्त्रता संग्रामकालीन क्रांतिकारी घटनाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा- 'निजाम के अत्याचारों को नष्ट करने हेतु असंख्य आर्य क्रान्तिकारियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। यदि आर्य समाज न होता, तो शायद ही दक्षिण का हैदराबाद संस्थान स्वतन्त्र होता।' इस अवसर पर प्रा.डॉ.वीरेन्द्रजी शास्त्री ने राष्ट्रनिर्माण में आर्य क्रान्तिकारियों के त्याग व बलिदान का स्मरण कराया। परभणी के आर्य युवक श्री रोहित जगदाले ने हैदराबाद स्वतन्त्रता आन्दोलन के घटनाचक्रों का वर्णन कर आर्य समाज के मौलिक कार्यों को विशद किया।

**-द्वितीय दिवस के कार्यक्रम -**

**१) ऐतिहासिक भव्य शोभा यात्रा -**

दूसरे दिन प्रातः यज्ञोपरान्त परली शहर में आर्यों की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। अत्यन्त उत्साह भरे वातावरण में यह शोभायात्रा आर्य समाज, परली के प्रधान श्री जुगलकिशोरजी लोहिया के अक्षता मंगल कार्यालय से शुरु हुई। गुरुकुल आश्रम में सम्मिलित आर्य नर-नारियों एवं गुरुकुल के ब्रह्मचारियों को निजी वाहनों से शोभायात्रा के आरम्भस्थल पर लाया गया। शहर के स्थानीय विद्यालयों के छात्र भी यथासमय अपने अध्यापकों के साथ पहुंच गये।

गायत्री मन्त्र एवं ईश्वरस्तुति प्रार्थना मन्त्रों के साथ प्रातः ९.१५ बजे आर्यों की यह शोभायात्रा प्रारम्भ हुई। जिसमें आगे-आगे स्कूलों व गुरुकुल के छात्र और फिर पीछे-पीछे राज्य के कोने-कोने से पधारे विभिन्न आर्य समाजों के कार्यकर्त्ता, आर्य नर-नारी अपने अपने बॅनरों व ध्वजों के साथ बडे आनन्द व उल्हास से चल रहे थे। अनेकों आर्य बहनें व माताएं भी उतनी प्रसन्नता के साथ ऋषि के गीत गाती नजर आयी। केसरियां पगडी पहने नगर के डॉक्टर, सभा के पदाधिकारी व अन्य दयानंदप्रेमी नागरिकों ने भी इसमें सहभाग लिया। शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रहा खुला जीपवाहन! इसमें वैदिक विद्वान पं.प्रियदत्तजी, प्रा.सोनेरावजी, पं.राजवीरजी व पं.सत्यवीरजी खडे थे।

उनके पीछे चल रहा 'भव्य रथ' चलता रहा, जिसमें आर्य जगत् के सन्यासी स्वामी निर्भयानन्दजी(उ.प्र.), डॉ.ब्रह्ममुनिजी, पू.सोममुनिजी, सभाप्रधान योगमुनिजी,विज्ञानमुनिजी आदि विराजमान थे। इस शोभायात्रा में आर्यजन अत्यधिक आनन्द के साथ झूमते हुए ऋपि दयानन्द व आर्य समाज के गौरव में गीत गा रहे थे। जिसमें सर्वश्री पं.प्रतापसिंहजी चौहान, श्री सुभापजी नानेकर, वैजनाथराव हालिंगे, प्रा.सोनेराव आचार्य आदियों का उत्साहपूर्वक सहभाग रहा। आर्य विदुपी सविता आचार्या, श्रीमती टावरी, श्रीमती संगीता बिर्लाजी आदि महिलाएं भी इसमें अग्रणी रही। हर चौराहें पर स्कूली छात्र-छात्राएं एवं गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने योगासन, लाठकाठी, शस्त्रसंचालन व अन्य प्रदर्शन किये। जैसे-जैसे शोभायात्रा आगे बढती रही, स्थानीय व्यापारियों व आर्यजनों ने इसका स्वागत किया। डुबे पेट्रोल पंप के समीप जब शोभायात्रा पहुंची तब विद्वानों व संन्यासी-वानप्रस्थियों का काले परिवार की ओर महिलाओं ने स्वागत किया। अग्रवाल लॉज के समीप श्री बियाणी व श्री डाड परिवारों ने अभिनन्दन किया और मिठाई, पानी पैकेट वितरीत कर सेवाएं दी। स्टेशन रोड पर कावरे परिवार ने छत से फूलों की पंखुडियां बिखेरकर अभिनंदन किया तथा महिलाओं ने साधु-सन्यासियों व विद्वानों का आरती उतारकर स्वागत किया। मोंढा मार्केट में श्री प्रेमचंदजी, नन्दकिशोरजी एवं जुगलकिशोर लोहिया तथा समस्त लोहिया परिवार ने बिस्कूट,जलपैकेट वितरीत कर शोभायात्रियों का स्वागत किया और साधु-महात्माओं का औक्षण भी किया। रैली का वातावरण बहुत ही सुहावना नजर आ रहा था। परली शहर के असंख्य व्यापारियों ने रैली को देखकर हृदय से प्रसन्नता जाहीर की।

स्कूलों की छात्र-छात्राएं महर्पि दयानन्द के जयकारों से वातावरण गूंजायमान कर रहे थे। विशेपकर देगलूर (जि.नांदेड) के जनविकास विद्यालय के लगभग ७५ छात्र अपने अध्यापकों के साथ पधारे थे। संस्था के संचालक श्री गोपालजी नाईक भी इस रैली व समारोह में सम्मिलित हुए। सभी छात्रों के हाथों में ओ३म् के ध्वज व समाजजागृति के संदेशों से युक्त लघुबोर्ड दिखाई दे रहे थे। जिन स्कूलों ने शोभायात्रा में सहभाग लिया, उनमें भेल सेकण्डरी स्कूल, न्यू हायस्कूल, महर्पि कणाद विद्यालय, संस्कार प्राथमिक विद्यालय, जनविकास विद्यालय (देगलूर), श्रद्धानन्द गुरुकुल

आश्रम का समावेश था।

छत्रपती शिवाजी महाराज चौक, बस स्टेशन, रेल्वे स्टेशन, अग्रवाल लॉज, स्टेशन रोड, मोंढा मार्केट, राणी लक्ष्मीबाई टॉवर होते हुए यह विशाल रैली आर्य समाज पहुंच गयी। वहां आर्य जगत् के विद्वान् प्रा.सोनेरावजी आचार्य ने उपस्थितों को सम्बोधित किया और महर्षि दयानन्द के क्रान्तिकारी कार्यों की याद दिलाई। इस अवसर पर आर्य समाज परली की ओर से भी आर्य नर-नारियों पर पुष्पवृष्टि कर अभिनन्दन कर सभी हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया गया।

**२) महिला सम्मेलन में नारीशक्ति की आवाज बुलन्द :-**

शोभायात्रा एवं भोजनोपरान्त दोपहर द्विजन्मशताब्दी समारोह स्थल- गुरुकुल के मुख्य पण्डाल में 'आर्य महिला सम्मेलन' सम्पन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता आर्य समाज, वारजे -पुणे की वरिष्ठ आर्य कार्यकर्त्री सौ.लीलावन्ती बेन वेलानी ने की। सम्मेलन की शुरुआत प्रभात कन्या गुरुकुल की ब्रह्मचारिणियों के समधुर गीत से हुई। सम्मेलन की प्रस्तावना सभा के कन्या संस्कार विभाग प्रमुख सौ.लीलावती जगदाले ने रखी। सौ.रेखा आचार्या ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर सौ.मधुमती शिन्दे, सौ.डॉ.हर्षा भायेकर, सौ.डॉ.वीरश्री आर्या ने अपने ओजस्वी विचारों द्वारा समाज व राष्ट्र के नवनिर्माण में नारीशक्ति के महनीय योगदान का स्मरण कराया। इन सभी वक्त्रियों ने नारी जागरण में महर्षि दयानन्द के ऐतिहासिक अपूर्व उपकारों की चर्चा कर सम्प्रति समाज की बिगडती दशा में महिलाओं को आगे आने का आवाहन किया।

मुख्य वक्ता आचार्या सविता जी ने कहा कि वेदों में स्त्रीशक्ति का विभिन्न स्थलों पर वर्णन आता है। वैदिक काल में महिलाएं वेदविद्या में पारंगत थी। शस्त्रसंचालन में निपुण थी। विभिन्न कलाकौशल में स्त्रियां अग्रेसर रही है। अपनी अपार तपस्या, त्याग व समर्पण के बल पर नारी ने अपना स्थान सर्वोपरी रखा था। ऋग्वेद में नारी अपने हृदय के भाव व्यक्त करते हुए आत्मविश्वास पूर्वक कहती है -

**"अहं केतुः, अहं मूर्धा,**
**अहम् उग्रा, विवाचनी!"**

अर्थात् मै (नारी) ध्वजा समान विजेत्री हूं, मैं सभीं में उंचे स्थान पर हूं। मैं बल में अग्रणी और प्रवचनादि कला निपुण हूं।

**३) गुरुकुल सम्मेलन :-**

सायंकाल ४ बजे गुरुकुलीय शिक्षा एवं स्नातक सम्मेलन हुआ, जिसकी अध्यक्षता महाराष्ट्र सभा के उपप्रधान श्री प्रमोदकुमारजी तिवारी ने की। 'वैदिक शिक्षा प्रणाली का महत्त्व एवं स्नातकों का सामाजिक योगदान' इस विपय पर सर्वश्री प्रा.लक्ष्मीकान्तजी शास्त्री(सोन्नर), आचार्य श्री अविनाशजी(पुणे), पं.दयानन्द शास्त्री(परभणी), आचार्य सत्येन्द्रजी विद्योपासक(परली), पं.सत्यवीरजी शास्त्री(अमरावती) आदियों ने विचार रखे। इन सभी वक्ताओं ने अपने भापणों में आधुनिक बढती समस्याओं के समाधान हेतु गुरुकुलीय शिक्षापद्धति की आवश्यकता दोहराई। वर्तमान दूपित सहशिक्षा के कारण समाज में अनैतिकता उग्र रुप धारण कर रही है। अतः सभ्य व सदाचारी समाज के निर्माण हेतु प्राचीन गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति के प्रचार व प्रसार पर सभी ने बल दिया। पं.श्री.सत्यवीरजी शास्त्री ने कहा- 'शरीर, मन व बुद्धि के विकास से परिपूर्ण स्नातक वर्ग हर क्षेत्र में आगे आ सकते है। इसके लिए स्नातकों में नवोत्साह व आत्मविश्वास की जरुरत है।

मुख्य वक्ता प्रा.श्री सोनेरावजी आचार्य ने गुरुकुलीय शिक्षा का महत्त्व बताते हुए कहा-'मानव के सर्वांगिण विकास में सबसे अधिक उपयुक्त गुरुकुलीय सुसंस्कार व शिक्षा ही है। गुरुकुल का पढा ब्रह्मचारी खाली बैठ नहीं सकता। वेद व संस्कृत के अध्ययन से जहां उसका ज्ञानात्मक विकास होता है, वहीं शारीरिक बल व आध्यात्मिक शक्ति के आधार पर वह समाज में सम्मानित भी होता है। आज ऐसे स्नातकों की समाज के नवनिर्माण हेतु बहुत ही आवश्यकता है।' उन्होंने कहा कि 'गुरुकुलीय स्नातकों ने अपने अपने कर्मस्थलों पर आर्य समाज के प्रचार व प्रसार में योगदान देना चाहिए। वर्तमान की सामाजिक दैन्यावस्था व देश की बिगडती दशा को सुधारने का उत्तरदायित्व केवल गुरुकुल के स्नातकों पर ही है, जिसे निभाने का सुसंस्कल्प वे दयानन्द द्विजन्मशती के पुण्यावसर पर अवश्य करें।'

**४) आर्य सिद्धान्त रक्षा सम्मेलन -**

रात्रि में महाराष्ट्र सभा के मन्त्री श्री राजेन्द्रजी दिवे की अध्यक्षता में 'महर्पि दयानन्द सिद्धान्त रक्षा सम्मेलन' का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य वक्ता के रुप में पूर्व केन्द्रीय राज्यमन्त्री श्री जयसिंगरावजी गायकवाड पाटील व हैदराबाद से पधारे वैदिक विद्वान श्री

पं.प्रियदत्तजी शास्त्री उपस्थित थे। साथ ही सर्वश्री नारायणराव कुलकर्णी, पं.सत्यवीरजी शास्त्री ने अपने मन्तव्य रखे। आरम्भ में गुरुकुल ब्रह्मचारी चि.काशिनाथ, चि.प्रियांशु, चि.अमर व चि.अनुवेद इनके द्वारा भजन, भापण एवं श्लोकगायन की सुन्दर प्रस्तुति हुई। तत्पश्चात् उदगीर आर्य समाज के मन्त्री प्रा.डॉ.नरेन्द्रजी शिन्दे द्वारा सम्पादित 'चाणक्यसूत्रम्' इस ग्रन्थ का मान्यवरों के शुभ करकमलों से विमोचन हुआ।

नान्देड के आर्यलेखक श्री कुलकर्णीजी ने अपने लघुभापण में आर्यक्रान्तिकारियों के जीवन पर कुछ अंश प्रस्तुत किये। भाई श्यामलालजी का संस्मरण सुनाते हुए उन्होंने कहा – हैदराबाद के स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाईजी का योगदान व बलिदान काफी रोमांचकारी व प्रेरणाप्रद रहा है। बीदर के जेल में वे अतिशय बिमार थे, ऐसी विपन्नावस्था में उनपर वैद्यकीय इलाज होना तो दूर उन्हें समुचित भोजन भी नही दिया। उन्हें जहर देकर मारा गया। भाईजी के इस बलिदान से देशभक्त आर्यों का क्रान्तिकारी आन्दोलन तीव्र हुआ।

पं.श्री सत्यवीरजी शास्त्री ने कहा–'म.दयानन्द की सिध्दान्त सर्वकालिक, सार्वजनिक व सार्वभौमिक हैं। हर एक आर्य को अपने पवित्र आचरण के माध्यम से इनमें दृढता लानी होगी।' पं.श्री प्रियदत्तजी शास्त्री ने अपने मौलिक वक्तव्य में कहा कि– 'स्वामी दयानन्दजी ने अपना कोई नया मत नहीं चलाया। सत्य की कसौटि पर आधारित अनादि वैदिक विचार ही उनके सिद्धान्त रहे हैं। अतः मानवमात्र एवं समग्र विश्व के सर्वकल्याण हेतु महर्पि के सिद्धान्त बहुत ही उपयुक्त सिद्ध होते हैं। सिद्धान्त तो परिपूर्ण है, लेकिन हम आर्यजन अपूर्ण है। परिस्थिति के अनुसार हम बदल रहे हैं और सत्य को छोडकर असत्य के साथ समझौता कर रहे हैं। इसीलिए आज की तुफानी दौड में पाखण्डवाद बढते जा रहा है। दयानन्द के अनुयायी यदि सत्य वैदिक विचारों पर दृढ रहेंगें, तो इनका प्रचार व प्रसार स्वयमेव सर्वदूर होता रहेगा।'

**श्री गायकवाड का ओजस्वी भाषण**

इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता श्री जयसिंगराव गायकवाड पाटील ने कहा – 'देव दयानन्द ने अन्धःकार के वातावरण में वेदज्ञान का दीप जलाकर हमें प्रकाश से आलोकित किया है। देवी–देवताओं, धर्म व कर्मकाण्ड के नाम पर चल रहा पाखण्ड व अधर्म दयानन्द ने अपने अपने–अपार ज्ञानवैभव व

अलौकिक दिव्य व्यक्तित्व से समाप्त किया। जन्माधारित बनी जाति-पाति व सम्प्रदाय के बढते तूफानों को दयानन्द ने गुण-कर्मणा आधारेण वैदिक वर्णव्यवस्था का पथ दर्शाकर रोका और हर एक मानव को मानवीयता के पथ पर चलने हेतु प्रेरित किया। धरतीपर यदि दयानन्द न आते, तो सारी दुनिया पूर्व की भांति भ्रमित होकर व्यर्थ ही दुःखों के बोझ उठाती फिरती। आज दयानन्द के विचारों की सर्वाधिक आवश्यकता है। उनके वेदप्रतिपादित सत्यसिद्धान्त सम्प्रति बढते जा रहे भयंकर रोगों के लिए रामबाण औपधि है। इन्हीं सिद्धान्तों के आचरण से व्यक्ति, समाज, देश व समग्र संसार में फैले अज्ञान, अविद्या, अनाचार(भ्रष्टाचार), हिंसा, आतंकवाद आदि समस्याओं का अन्त होकर सर्वत्र शान्ति व सौहार्द का वातावरण स्थापित होगा।'

## - अन्तिम दिन के कार्यक्रम -

### -वेदपारायण यज्ञ की पूर्णाहुति -

गत दो दिनों से चल रहे वेदपारायण यज्ञ की पूर्णाहुति श्रद्धामयी वातावरण में सम्पन्न हुई। महर्षि याज्ञवल्क्य यज्ञशाला में सभी यजमान परिवारों ने भक्तिभाव से ओतप्रोत होकर यज्ञीय आहुतिंया प्रदान की। इस अवसर पर यज्ञा के ब्रह्मा आचार्य सत्येन्द्रजी ने कहा कि 'यज्ञ' वैदिक संस्कृति की आत्मा तथा हमारे जीवन का मूलाधार है। यज्ञीय भावना के विस्तार से हमारा जीवन सफल होगा। यदि शाश्वत सुख व आनन्द को पाना हो, तो शतपथ के 'यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म।' इस मन्त्रांश का विस्तृत अर्थ आत्मसात करना चाहिए।

वैदिक विद्वान् प्रा.सोनेरावजी आचार्य ने अपने आध्यात्मिक प्रवचन में कहा - 'आज का मानव भौतिकता की चकाचौंध में सुख-शान्ति को खोजते हुए इधर-उधर भटक रहा है। लेकिन मृगतृष्णिका की भांति उसे कहीं पर भी सुख नजर नहीं आ रहा। जब तक वह धर्म, अध्यात्म व यज्ञ के साथ अपना नाता नहीं जोडेगा, तब तक ऐसे ही भटकता रहेगा।' इस अवसर पर यज्ञ संचालक डॉ.वीरेन्द्रजी शास्त्री ने सभी यजमानों का परिचय कराते हुए उनका स्वागत किया तथा सभी श्रद्धालुओं से गुरुकुल आश्रम के सहयोगी बनने का आवाहन किया। इस अवसर पर आचार्या सविताजी ने आध्यात्मिक भजन प्रस्तुत किये। सभा के प्रधान श्री योगमुनिजी एवं पूज्य सोममुनिजी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किये।

### - मुख्य समारोह -

यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात् मुख्य मंच से 'महर्षि दयानन्द द्विजन्मशताब्दी महोत्सव' तथा 'प्रान्तीय आर्य महासम्मेलन समारोह' शुरु हुआ। समारोह में शतायुप्राप्त तपस्वी व्यक्तित्व पू.सोममुनिजी गौरव, गुरुकुलीय वार्षिकोत्सव तथा सेवाव्रतियों के सम्मान आदि कार्यक्रमों का अन्तर्भाव रहा। समारोह की अध्यक्षता आर्य समाज परली के प्रधान श्री जुगलकिशोरजी लोहिया ने की। कार्यक्रम की शुरुआत पाणिनि प्रभात कन्या गुरुकुल की ब्रह्मचारिणियों के सस्वर वेदपाठ से हुई। मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शक के रुप में दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के यशस्वी महामन्त्री श्री विनयजी आर्य उपस्थित रहे। मंच पर आमन्त्रित विद्वान्, आर्यनेतागण, सौ वर्षीय गौरवमूर्ति पू.सोममुनिजी, तपस्वी कर्मयोगी डॉ.ब्रह्ममुनिजी तथा अन्य महानुभाव भी विराजमान थे। साथ ही सभा के प्रधान योगमुनिजी, उपप्रधान दयारामजी बसैये, स्वा.सै.आनन्दमुनिजी, कोषाध्यक्ष श्री उग्रसेनजी राठौर तथा अन्य पदाधिकारी एवं संन्यासी, वानप्रस्थी आदियों की भी उपस्थिति रही।

**– सम्मान व गौरव –**

इस समारोह में सामाजिक, धार्मिक, राष्ट्रीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानेवाले आर्य महानुभावों का तथा आमंत्रित विद्वानों, साधु-महात्माओं, गुरुकुलीय स्नातकों, प्रान्तीय द्विजन्मशताब्दी समारोह सफल कराने में पूर्ण सहयोग देनेवाले आर्य कार्यकर्त्ताओं का श्री विनयजी आर्य एवं अन्यों के करकमलों से सम्मान किया गया। सम्मानितों में स्वा.सै.पू.श्री आनन्दमुनिजी (चिल्लेअप्पा), प्राचार्य गोविन्दरावजी मैन्दरकर(आर्य लेखक), इंजि.श्रुतिशीलजी झंवर, मुम्बई में कार्यरत गुरुकुल के स्नातक श्री भूपेन्द्रजी शास्त्री, जयशीलजी मिजगर(आर्य), गुरुकुल के आचार्य सत्येन्द्रजी, रंगनाथजी तिवार, इंजि.श्री रावसाहेब पाटील(जलगांव) आदियों का समावेश है।

इसके पश्चात् गुरुकुल प्रसार, धर्मप्रचार व यज्ञीय प्रचारादि कार्यों के प्रसार में जीवन लगानेवाला वैराग्यमूर्ति, शतायुषी धर्मात्मा पू.श्री सोममुनिजी महाराज का उनके जन्मशताब्दी उपलक्ष्य में श्री विनयजी आर्य एवं अन्य महानुभावों के करकमलों से रु.५१ हजार की गौरवराशि, शौल, अभिनन्दनपत्र एवं पुष्पहार प्रदान कर विशेष सम्मान/गौरव किया गया। अभिनन्दन पत्र का वाचन प्रा.डॉ.अरुणजी चव्हाण ने किया। इस

अवसर पर श्री सोममुनिजी ने अपने गौरवमन्तव्य में सभी के प्रति कृतज्ञता प्रकट कर आर्यजनों को वैदिक धर्म प्रचार के लिए आगे आने का अनुरोध किया और अपने गौरव में प्राप्त धनराशि गुरुकुलीय कार्यों के लिए आर्य समाज परली को सौंप दी।

मुख्य वक्ता श्री विनयजी आर्य ने अपने सम्बोधन में ऋपिऋण को चुकाने के लिए आर्यों को सदैव जागृत रहने का आवाहन किया। उन्होंने कहा-महर्पि दयानन्द की वैदिक विचारधारा वर्तामन समय में सर्वाधिक प्रासंगिक बन गयी है। ऐसे समय में आर्यजनों को अपने आलस्य व अकर्मण्यता को दूर करते हुए उत्साहित होने की आवश्यकता है। महर्पि ने उस समय की नानाविध प्रतिकूलताओं के बावजूद अपने अपूर्व ज्ञान, साधना, पुरुपार्थ व तपस्या के माध्यम से समग्र मानवजाति में नवचेतना का संचार किया। समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों, रुढियों व अन्धविश्वासों को हटाने के लिए न जाने कितने प्रयास किये? सारी वसुधा को आर्यमय बनाने के लिए वे अहर्निश प्रयत्नरत रहें। अज्ञान, अविद्या व अभाव को जड से मिटाने और वैदिक ज्ञान से सभी को आलोकित करने हेतु उनका एक-एक क्षण बीता। आज हम सब उनके अनुयायी इतनी बडी संख्या में होते हुए भी उनके सपनों को साकार करने में क्यों पीछे हैं? अतः महर्पि की द्विजन्मशताब्दी मनाते समय अब हमें जागना होगा। महाराष्ट्र सभा ने इतना बडा आयोजन कर सही अर्थों में ऋपिवर की वैदिक ज्ञानज्योति को सर्वत्र प्रसारित करने का संकल्प किया है, इसलिए सभी पदाधिकारीगण तथा आयोजक कार्यकर्त्ता अभिनन्दन के पात्र हैं।

समारोह के अध्यक्षीय भापण में आर्य समाज परली के प्रधान श्री जुगलकिशोरजी लोहिया ने म.दयानंद के महनीय जीवन व कार्यों को स्मरण कर आमन्त्रित सभी विद्वानों, आर्यनेताओं, साधु-महात्माओं का अभिनन्दन किया और उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किये। इस अवसर पर गुरुकुल के स्नातक श्री जयशीलजी शास्त्री(मिजगर) जो कि मुम्बई फिल्म इंडस्ट्रीज में कार्यरत है, इन्होंने वेदप्रचार हेतु गुरुकुल को प्रचारवाहन प्रदान किया। जैसे यह प्रचार वाहन समारोह स्थल पर लाया गया। उपस्थित आर्यों ने इसका 'वैदिक जयघोप' के साथ तालियों से स्वागत किया। श्री विनयजी आर्य, पू.सोममुनिजी तथा अन्य वैदिक विद्वानों के करकमलों से मन्त्रोच्चारणपूर्वक इस वेदप्रचार वाहन

को आर्य समाज परली के पदाधिकारियों को सुपूर्द किया गया। बाद में दानदाता श्री जयशील सहित गुरुकुल के अन्य स्नातकों का श्री विनयजी ने सम्मान किया।

**– विनयजी का विशेष सम्बोधन –**

भोजनोपरान्त द्वितीय सत्र में श्री विनयजी आर्य ने 'म.द्विजन्मशताब्दी व हमारे कर्तव्य!' इस विषय पर आर्य कार्यकर्त्ताओं को विशेप सम्बोधित किया। उन्होंने कहा– 'हमारे आराध्य गुरुदेव स्वामी दयानन्द के मानवोपकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना हमारा उत्तरदायित्व है। उनके प्रेरक क्रान्तिकारी जीवन पर दृष्टिपात करेंगें, तो पता चलेगा कि उन्होंने कितने बडे अन्धःकारमय कालखण्ड में, चहुं ओर से अनगिनत प्रतिकूलताएं होते हुए भी अल्प समय में आश्चर्यकारक कार्य किया। तप और ज्ञान का सुन्दर समन्वय उनके जीवन में मिलता है। उन्होंने आजीवन सत्य वैदिक धर्म का ही प्रतिपादन किया। अनेकों प्रलोभन आये, लेकिन कभी भी असत्य से समझौता नहीं किया। उनकी अद्वितीय प्रेरक जीवनी को पढने से ज्ञात होता कि स्वामीजी का समग्र जीवन ईश्वरीय सत्य सिद्धान्तों के प्रतिपादन, वैदिक मानवता के प्रसार, अवैदिक मन्तव्यों को खण्डन व आर्य साम्राज्य की स्थापना हेतु व्यतीत हुआ। उनका अपने लिए कुछ भी नहीं था, सबकुछ था, तो वह केवल मानवजाति के सर्वहित के लिए ही!

महर्पि ने ऋपियों की ज्ञानधारा को प्रवाहित किया। दयानन्द ने होते, तो शिष्यपरम्परा भी खण्डित होती। उनके अमरग्रन्थ 'सत्यार्थ प्रकाश' में लिखित भूमिका व तीनों अनुभूमिकाओं से पढने से पता चलता है कि उनके जीवन का लक्ष्य अखिल मानवजाति का सुधार करना व वैदिक विचारों को समग्र विश्व में फैलाना, यही एकमात्र था।

आज स्वामीजी के वैदिक विचारों को जन-जन-तक पहुंचाने के लिए हम सभी को कृतसंकल्पित होना है। इसके लिए आधुनिक समाज माध्यमों का उपयोग करना अत्यावश्यक होगा। इस अवसर उन्होंने टंकारा में विशाल स्तर आयोजित अन्तर्राष्ट्रिय दयानन्द द्विजन्मशताब्दी महासंमेलन में अधिकाधिक संख्या में पधारने का अनुरोध किया और समारोह के सन्दर्भ में महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी। अन्त में सभा के मन्त्री श्री राजेन्द्रजी दिवे ने सभी को आभार प्रकट किया।

# पावन भूमि टंकारा में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर
# म.दयानन्द का २०० वां जन्मोत्सव सोत्साह

**राष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री, राज्यपाल, मुख्यमन्त्री एवं आर्यनेताओं के उद्‌बोधन से आर्यों में नवचेतना!**

वेदोद्धारक, युगप्रवर्तक महर्षि स्वामी दयानन्द का २०० वां जन्मोत्सव ऐतिहासिक पावन जन्मस्थली टंकारा (गुजरात) में अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाया गया। आर्यजगत् के अनेकों साधु-महात्माओं, सन्यासियों, वैदिक विद्वानों, आर्य प्रतिनिधि सभाओं के पदाधिकारियों, कार्यकर्त्ताओं तथा महर्षि के अनुयायियों की चेतनायुक्त सहभागिता से टंकारा ग्राम का वातावरण पूरी तरह से दयानन्दमय बन गया। जिधर देखे उधर सर्वत्र महर्षि की ही जयजयकार सुनाई दे रही थी।

दि.१०, ११ व १२ फरवरी २०२४ को डी.ए.वी.कॉलेज, प्रबन्धकर्त्री समिति म.दयानन्द स्मारक ट्रस्ट, टंकारा, सार्वदेशिक आर्य प्र.सभा एवं आर्य प्रतिनिधि सभा गुजरात के संयुक्त तत्त्वावधान में टंकारा के मोरवी मार्ग पर पूर्व निर्धारित भव्य प्रांगण में यह समारोह विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सोत्साह सम्पन्न हुआ।

दि.१० फरवरी को प्रातः ९ बजे टंकारास्थित महर्षि दयानन्द जन्मगृह यज्ञ हुआ। तत्पश्चात् वहां से समारोह स्थल तक विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। यह भव्य शोभायात्रा समारोह स्थल पर पहुचने पर वहां स्थापित यज्ञशाला में यज्ञ प्रज्वलित की, जिसमें प्रमुख यजमानों ने आहुतियां प्रदान की। तत्पश्चात् गुजरात राज्य के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रतजी के करकमलों से ओ३म् ध्वजारोहण कर इस त्रिदिवसीय भव्य समारोह का उद्‌घाटन किया गया। तत्पश्चात् मुख्य मंच से कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा। जिनमें आर्यसन्यासी, विद्वानों व विचारविदों के ओजस्वी विचार सुनने मिले। दोपहर भजन संगीत व स्कूली छात्रों की लघुनाटिकाएं प्रस्तुति हुई।

दुसरे दिन दि.११ फरवरी को प्रातः १० बजे देश के प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदीजी का वर्च्युअल व्याख्यान हुआ। अपने प्रेरक उद्‌बोधन में श्री मोदीजी ने महर्षि दयानन्द के राष्ट्रीय, धार्मिक, सामाजिक, आध्यात्मिक

सुधारकार्यों में उनके द्वारा दिये महनीय योगदान को सश्रद्ध स्मरण किया। श्री मोदीजी ने कहा-''स्वामी दयानन्द केवल एक वैदिक ऋपि ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना के महान ऋपि भी थे। उनसे प्रेरणा लेते हुए भारत देश अपने अमृतकाल में चहुंमुखी प्रगति कर रहा है। आगामी वर्प आर्य समाज की स्थापना का १५० वा वर्प है। मैं चाहूंगा कि हम सब इतने बडे अवसर को अपने प्रयासों, अपनी उपलब्धियों से सचमुच में यादगार बनायें।''

समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित गुजरात राज्य के राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रतजी का सारगर्भित भापण हुआ। विशिष्ट अतिथि के रुप में पधारे केन्द्रीय मन्त्री श्री पुरुपोत्तमजी रुपाला व अन्यों ने भी ऋपि दयाननन्दका स्मरण कर उनके ऐतिहासिक कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उसके पश्चात् दोपहर सांस्कृतिक कार्यक्रमान्तर्गत 'म.दयानन्द के कार्य-हमारी जिम्मेदारी' की प्रस्तुति हुई। इसी समारोह में महाराष्ट्र शतायु प्राप्त तपस्वी आर्य व्यक्तित्व पू.सोममुनिजी का अभिनन्दन किया गया। संयोजक श्री विनयजी आर्य ने सभागार को उनका परिचय कराकर सभी को प्रेरित किया। अपने लघुसम्बोधन में श्री सोममुनिजी आर्यों को जागृत होने की बात कहीं। उन्होंने कहा, 'महर्पि दयानन्द का सपना साकार करने हेतु, आर्यजनों को सोत्साह आगे आना चाहिए। यही तो समय की मांग हैं। इस अवसर श्री विनयजी आर्य ने देश की विभिन्न प्रान्तीय प्रतिनिधि सभाओं के पदाधिकारियों का परिचय कराकर भिन्न भिन्न राज्यों में चल रही आर्य सामाजिक गतिविधियों की जानकारी को मंच पर महाराष्ट्र सभा के प्रधान श्री योगमुनिजी, मंत्री श्री राजेन्द्रजी दिवे, आर्यवीर दल अधिष्ठाता श्री व्यंकटेशजी हालिंगे, कोपाध्यक्ष श्री उग्रसेनजी राठौर आदि की भी उपस्थिति रही। महाराष्ट्र सभा के वेदप्रचार अधिष्ठाता डॉ.नयनकुमार आचार्य को भी अपना मन्तव्य प्रकट करने सौभाग्य प्राप्त हुआ। देश से आये विभिन्न कन्या-गुरुकुलों के ब्रह्मचारिणियों ने मधुर गीतों व नृत्यों की प्रस्तुति की। इसके पश्चात् योग गुरु स्वामी रामेदेवजी महाराज, आचार्य बालकृष्णजी तथा अन्य साधुओं को मुख्य सभा स्थलपर आगमन हुआ। अपने ओजपूर्ण भापण में श्री रामदेवजी कहा - मैं आज जो कुछ हूं, यह सब ऋपिवर देव दयानन्द के कारण ही ! ऐसे महर्पि देव दयानन्द ने समग्र विश्व

में धर्मध्वजा लहराई और वेदज्ञान की प्रतिष्ठा बढाई। इस समय उन्होंने 'अभी तो और सम्भलना है, ऋषि दयानन्द के सपनों को पूरा करना है' यह गीत भी उन्होंने प्रस्तुत किया।

सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम के अनतर्गत 'अन्धविश्वास-एक गहरी खाई' यह कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ। तत्पश्चात् शाम ७ बजे लगभग ११०० याज्ञिकों ने मिलकर 'सामूहिक यज्ञ' किया, जिससे समारोह स्थल पर स्वाहाकार की मंगलध्वनि गुंजायमान हुई। याज्ञिक लोग ऐसे बैठे थे, जिससे '२०० वां जन्मदिवस' इस लघुवाक्य एक रेखा में दिखाई दे रहा था। रात्रि में डीएवी स्कूलों के छात्रों एवं अध्यापकों द्वारा एक नृत्यनाटिका प्रस्तुत हुई।

अन्तिम दिन दि.१२ फरवरी को प्रातः '२००वी दयानन्द जन्मजयन्ती महायज्ञ' सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात् स्मरण व संकल्प समारोह हुआ। प्रातः १०.३० बजे भारतवर्ष की महामहीम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रमुख आतिथ्य में विशेष कार्यक्रम हुआ। राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रतजी, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल, केन्द्रीय मंत्री श्री पुरुषोत्तमजी रुपाला, डी.ए.वी. के प्रधान डॉ.पूनमजी सूरी आदियों ने राष्ट्रपति महोदया का स्वागत व अभिनन्दन किया।

